ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -24 अंक - 22 फरवरी-II-2022 (पाक्षिक) माउण्ट आबू Rs. 8.50

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 53वें अव्यक्तारोहण दिवस पर... विशाल डायमण्ड हॉल में वर्चुअली

प्रधानमंत्री ने किया 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान का शुभारंभ

"पीएम बोले :-

- ब्रह्माकुमारीज़ के प्रयास देश को एक नई ऊर्जा और शक्ति देंगे
- त्याग और कर्त्तव्य भाव से करोड़ों देशवासी रख रहे स्वर्णिम भारत की नींव
- जब संकल्प के साथ साधना जुड़ जाती है, तो एक नये कालखंड का जन्म होता है

" सात देशव्यापी अभियानों को पीएम ने दिखायी हरी झंडी, पूरी दुनिया भर से जुड़े लाखों लोग

" राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, सीएम अशोक गहलोत, गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल, केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने किया ऑनलाइन सम्बोधित

" ग्रेमी अवॉर्ड से सम्मानित एक्टर रिक्की केज की ओर से अमृत महोत्सव थीम पर बनाया गया वीडियो एलबम किया गया रिलीज़

वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जे. किशन रेड्डी, न्यूयॉर्क से ब्रह्माकुमारीज़ की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी, ब्रह्माकुमारीज़ के कार्यकारी सचिव राजयोगी ब्र.कु. मृत्युंजय भाई तथा देश-विदेश की कई गणमान्य हस्तियां।

शांतिवन-आबू रोड। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के आबू रोड स्थित शांतिवन परिसर में 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान' का विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के द्वारा शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा साल भर चलने वाले सात अभियानों का भी रिमॉट द्वारा शुभारंभ किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रयासों से देश को एक नई ऊर्जा और शक्ति मिलेगी। त्याग और कर्त्तव्य भाव से करोड़ों देशवासी आज स्वर्णिम भारत की नींव रख रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास देश का मूलमंत्र बन रहा है। हम ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जिसमें भेदभाव की जगह ना हो। ब्रह्माकुमारीज़ का प्रभाव पूरे विश्व में है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में इस अभियान में नयी ऊर्जा का संचार होगा।

हमारे संकल्पों से एक नये कालखंड का जन्म होने वाला है : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस अभियान में स्वर्णिम भारत के लिए भावना भी है, साधना भी है। इसमें देश के लिए प्रेरणा भी है और ब्रह्माकुमारियों के प्रयास भी हैं। मैं देश के संकल्पों के साथ, देश के सपनों के साथ निरंतर जुड़े रहने के लिए ब्रह्माकुमारी परिवार का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूँ। जब संकल्प के साथ साधना जुड़ जाती है, जब मानवमात्र के साथ हमारा ममभाव जुड़ जाता है, अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए इदं न मम्, यह भाव जागने लगता है, तो समझिए कि हमारे संकल्पों के ज़रिये एक नये कालखंड का जन्म होने वाला है। एक नया सवेरा होने वाला है। सेवा और त्याग का यही अनुभव आज अमृत महोत्सव में नये भारत के लिए उमड़ रहा है।

इन्होंने भी किया सम्बोधित :-

तनाव दूर करने का सहज साधन 'ओम शांति का महामंत्र' : सीएम गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मैं बचपन से ही यहाँ आता रहा हूँ। यहाँ दादियों ने मुझे मूलमंत्र दिया है कि जब भी तनाव हो तो तीन बार ओम शांति बोलना। ओम शांति एक ऐसा मंत्र है जिसके उच्चारण से ही तनाव दूर हो जाता है। उन्होंने दादियों के साथ के अनुभव को साझा करते हुए व ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों को जनमानस के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि संस्था आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने का कार्य कर रही है।

आज़ादी के अमृत महोत्सव से जन-जन को मिलेगा लाभ : भूपेन्द्र पटेल

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ अच्छा काम कर रही है। आज़ादी के अमृत महोत्सव से जन-जन को लाभ मिलेगा। इस अभियान से समाज में अच्छा संदेश जाएगा, इसलिए ब्रह्माकुमारीज़ को बधाई देता हूँ।

आधुनिक भारत की छवि दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह संस्थान : ओम बिरला

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था पिछले आठ दशकों से व्यक्तित्व निर्माण का कार्य कर रही है। आपने राजयोग से समस्त मानवता को साधना और अध्यात्म का मार्ग बताया है। यह अभियान स्वर्णिम भारत की झलक और आधुनिक भारत की छवि दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहाँ की आध्यात्मिक जीवनशैली समाज को नई दिशा दिखा रही है।

अमृत महोत्सव से दुनिया को मिलेगा नया रास्ता : पर्यटन मंत्री

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जे. किशन रेड्डी ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत ब्रह्माकुमारीज़ के आयोजनों से दुनिया को नया रास्ता मिलेगा। इसके तहत संस्थान का 15 हज़ार कार्यक्रमों के ज़रिए 10 करोड़ लोगों तक पहुँचने का लक्ष्य है।

शांतिवन के विशाल डायमण्ड जुबली हॉल में अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी।